केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

दैनिक
# भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 268 रविवार 27 अप्रैल 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । पैकोलिया थाना क्षेत्र के मुसहा बड़हपेडा गांव में शनिवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी मुकेश श्रीवास्तव के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पैकोलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि मुकेश का व्यवहार पिछले कुछ दिनों से सामान्य नहीं था। हालांकि किसी को नहीं पता था कि वह इस तरह का कदम उठा लेगा। मौत के वास्तविक कारण का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस मामले की हर दिशा में जांच कर रही है।

### नीलगाय काटते पकड़े गये संदिग्ध



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । कप्तानगंज थाना क्षेत्र में पढ़नी गांव के पास एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। ग्रामीणों ने कुछ लोगों को नीलगाय को काटते हुए पकड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आरोपी धारदार हथियारों से नीलगाय के टुकड़े कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा–तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। कप्तानगंज थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । दुबौलिया थाना क्षेत्र के धरमुपुर गांव में एक शीशम के पेड़ से 25 वर्षीय युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान धरमुपुर निवासी रामसागर के पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। सुजीत शुक्रवार रात को घर से निकला था। वह देर रात तक घर नहीं लौटा। शनिवार सुबह गांव के बाहर उसका शव मिला। सूचना मिलते ही दुबौलिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

दुबौलिया थानाध्यक्ष के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृत्यु के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस गांव के लोगों और परिजनों से पूछताछ कर रही है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल है।

### 1 मई से दिन में 7 बजे से खुलेगी अदालत

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । उच्च न्यायालय के निर्देश के क्रम में न्यायिक अधिष्ठान के समस्त न्यायालयों में 01 मई से 30 जून 2025 तक कार्यावधि प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक निर्धारित है। उक्त जानकारी देते हुए प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय कु. आराधना रानी ने एक आदेश में कहा है कि माह मई व जून में समस्त न्यायिक कार्यालय 6.30 बजे से 1.30 बजे तक खुले रहेंगे ।

# सेना ने आतंकी ठिकाना ध्वस्त किया हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद

श्रीनगर (आभा)। जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को आतंकी ठिकाने को ध्वस्त कर दिया। साथ ही, हथियारों और गोला–बारूद का बड़ा जखीरा जब्त किया गया। पहलगाम में 26 लोगों की हत्या के कुछ दिन बाद यह कदम उठाया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की गई। उत्तर कश्मीर जिले के सेदोरी नाला, मुश्तकाबाद माछिल के जंगली इलाके में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान आतंकी ठिकाने का पता लगाया गया और उसे ध्वस्त कर दिया गया।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि मौके से हथियारों और गोला–बारूद का बड़ा जखीरा जब्त किया गया। इनमें 5 एके–47 राइफल, 8 एके–47 मैगजीन, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, 660 राउंड एके–47 गोला–बारूद, एक पिस्तौल राउंड और 50 राउंड एम4 गोला–बारूद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी सफलता है। आतंकवादी क्षेत्र में शांति और व्यवस्था को भंग करने वाली गतिविधियों की योजना बना रहे थे, जिसे विफल कर दिया गया। सुरक्षा बलों की समय पर कार्रवाई के चलते नापाक योजनाओं को बड़ा झटका लगा है। नागरिकों की जान–माल और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए संभावित खतरों को टाला गया है।

बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में भीषण आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। यह हमला दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास घास के मैदान में हुआ, जो लोकप्रिय पर्यटक स्थल है। आतंकवादियों ने दोपहर में अंधाधुंध गोलीबारी की, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। जम्मू–कश्मीर पुलिस ने हमले के लिए जिम्मेदार तीन आतंकवादियों की पहचान लश्कर–ए–तैयबा के गुर्गों के रूप में की है। इन आतंकवादियों के स्केच और नाम जारी कर दिए गए हैं। इनमें आदिल हुसैन ठोकर, अली भाई उर्फ तल्हा भाई और हासिम मूसा उर्फ सुलेमान शामिल है। प्रत्येक आतंकी के लिए 20 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। हमले के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। सुरक्षा बलों ने दोषियों को पकड़ने के लिए व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है।

## विधायक अजय सिंह ने किया सड़क का शिलान्यास



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। हरैया विधायक अजय सिंह ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के श्रृंगीनारी से स्वामी नारायण छपिया मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास विधि विधान से पूजन अर्चन द्वारा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में किया। यह सड़क श्रृंगीनारी, बैजलपुर, धुनियाभीटी, बिछनैया, जगन्नाथपुर, कड़सरा बिलारीभीटी, नारायणपुर होते हुए स्वामीनारायण छपिया तक जाएगी। जिसका बजट 1765.96 लाख है। क्षेत्रवासियों द्वारा विधायक का पारंपरिक रूप से भव्य स्वागत किया गया और इस सड़क निर्माण कार्य के लिए लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि अच्छी सड़के किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती हैं आवागमन की अच्छी सुविधा होने पर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होता है। कहा कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में यातायात और आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए लगातार पहल की जा रही है। इन सड़कों के निर्माण और मरम्मत से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और जनता को राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के प्रति वे शुरू से प्रतिबद्ध हैं। उनका लक्ष्य हर गांव और हर व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। बेहतर सड़क से व्यापार, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच ग्रामीणों तक हो पाएगी। विधायक ने कहा क्षेत्र के हर गांव और कस्बे को मुख्य सड़क से जोड़ना और गांव में बुनियादी सुविधा सुलभ कराना उनकी प्राथमिकता है। इससे ही समग्र विकास और सशक्त भारत का लक्ष्य हासिल होगा।

इस अवसर पर आशुतोष सिंह छोटे, आनंद सिंह, विनय शंकर मिश्र, राजदत्त शुक्ल, श्रवण तिवारी, महेंद्र सिंह, अवनीश सिंह, चिंताराम, खुशीराम वर्मा प्रधान, दुर्गा, मनीष चौबे, कौशल्याधीश पाण्डेय, अखिलेश सिंह, भरत सिंह, सीताराम गुप्ता, विनोद त्रिपाठी, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, सत्येंद्र सिंह, जवाहर जायसवाल, संतोष गौतम, राणा सिंह, अंकुर मिश्र, संतोष पाण्डेय, राजकुमार सोनी, राम मणि बाबा, कैलाश मिश्र, मनीराम पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भाजपा ने किया वक्फ सुधार पर कार्यशाला: कानून को बताया उपयोगी



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बस्ती कार्यालय में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री एवं गोरखपुर क्षेत्र प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ल रहे।

अपने संबोधन में श्री शुक्ल ने वक्फ अधिनियम (संशोधन) 2025 के तहत किए गए प्रमुख सुधारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नए कानून में धारा 40 जैसे कठोर प्रावधानों को हटाकर पारदर्शिता और संपत्ति अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए वक्फ संपत्तियों से प्राप्त आय को विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और अनाथों के भरण–पोषण में उपयोग करने के प्रावधान की सराहना की।

जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने वक्फ अधिनियम 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ष्सबका साथ, सबका विकासष् दृष्टिकोण के अनुरूप बताया। साथ ही, उन्होंने पहलगाम (कश्मीर) में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों को कठोर सजा देने की मांग की।

श्री मिश्र ने सच्चर कमेटी रिपोर्ट और वक्फ एसेट्स मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया (ेंडप) के ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 8.72 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां पंजीकृत हैं, जिनसे संभावित वार्षिक राजस्व काफी अधिक हो सकता है।

कार्यक्रम का संचालन अभियान संयोजक अनूप खरे ने किया, जबकि आभार सह संयोजक विनय यादव एवं मो. सलमान ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक अजय सिंह, गो सेवा आयोग के सदस्य महेश शुक्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष यशकांत सिंह, सुशील सिंह, पवन कसौधन, रवि सोनकर, भानुप्रकाश मिश्र, अनिल दूबे, अखंड सिंह, अरविन्द श्रीवास्तव गोला, चन्द्रशेखर मुन्ना, आलम चौधरी, बालकृष्ण तिवारी पिन्टू, अमित गुप्ता, रवि प्रताप सिंह सहित जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सोशल मीडिया व आईटी विभाग के सदस्य तथा अभियान से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव से और मजबूत होगा देश का लोकतंत्र– दयाराम चौधरी

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । लोकतंत्र को और सबल बनाने के लिये पूर्व की भांति एक राष्ट्र एक चुनाव कराया जाना समय की मांग है। इससे समय, संसाधन की बचत तो होगी ही, मतदाताओं को भी रोज–रोज के चुनाव से मुक्ति मिलेगी। यह विचार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने व्यक्त किया। वे शनिवार को भाजपा द्वारा गनेशपुर स्थित शंकर नगर चौराहे के एक मैरेजहाल के सभागार में आयोजित प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे।

पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने कहा कि संविधान को अंगीकार किए जाने के बाद, 1951 से 1967 तक लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ आयोजित किए गए थे। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव 1951–52 में एक साथ आयोजित किए गए थे। यह परंपरा इसके बाद 1957, 1962 और 1967 के तीन आम चुनावों के लिए भी जारी रही। बाद में यह क्रम टूट गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने इसे पुनः लागू कराने का जो संकल्प व्यक्त किया है वह सराहनीय है।





–प्रबुद्ध समागम गोष्ठी में विभिन्न पहलुओं पर विमर्श

कार्यक्रम समन्वयक भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन, भाजपा नेता जगदीश शुक्ल, कार्यक्रम संयोजक मण्डल महामंत्री आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि कहा कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है। देश में बार–बार चुनाव होने से हमें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है,क्योंकि चुनाव प्रक्रिया बहुत महंगी हो गई है और चुनावों को संपन्न कराने में समय एवं भारी धनराशि की बर्बादी होती है। वन नेशन, वन इलेक्शन के लागू होने से संसाधनों के साथ समय की भी बचत होगी, विकास तेजी से होगा। अलग–अलग तिथियों में चुनाव होने से व्यापार प्रभावित होता है और व्यापारी पर सीधे तौर पर आर्थिक चोट पड़ती है। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि 'एक देश, एक चुनाव' प्रणाली से न केवल समय और धन की बचत होगी, बल्कि विकास कार्यों में भी तेजी आएगी। इससे लोकतंत्र की मजबूती और शासन की स्थिरता में भी वृद्धि होगी।

एक राष्ट्र एक चुनाव प्रबुद्ध समागम में मुख्य रूप से धर्मेन्द्र जायसवाल, ओंकार चौधरी, अर्जुन उपाध्याय, राम विलास शर्मा, प्रकाश निषाद, अर्जुन चौधरी, रामनाथ चौहान, राम नेवास शर्मा, शिप प्रसाद चौधरी, सर्वजीत चौधरी, राजन श्रीवास्तव, पंकज विश्वकर्मा, अर्जुन उपाध्याय, भगवान मिश्र, रविन्द्र मिश्र, दुर्गेश चौबे, डा. लल्लन मिश्र, उत्कर्ष उपाध्याय, शिवनरायन चौधरी, मोनी तिवारी, राजकिशोर मोदनवाल, आशीष चौधरी, लालचन्द चौधरी, महेन्द्र चौधरी के साथ ही अनेक सभासद, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अंत में पहलगाम में हुये आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## कुछ लोग कभी नहीं बदलेंगे–मोहन भागवत

नई दिल्ली (आभा)। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई। हर कोई इस घटना से आक्रोशित है और पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। इस बीच आरएसएस चीफ मोहन भागवत का बयान लामने आया है। उन्होंने कहा है हमारी अहिंसा लोगों को बदलने के लिए है लेकिन कुछ लोग कभी नहीं बदलेंगे। उन्होंने कहा, गुंडों को सबक सिखाना हमारा धर्म है। दिल्ली में



आयोजित एक कार्यक्रम में मोहन भागत ने कहा अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है। हमारी अहिंसा लोगों को बदलने के लिए है लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी करो। वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे, तो क्या करें? उन्होंने कहा, रावण का भी जब वध हुआ तो उनके कल्याण के लिए ही हुआ।

उन्होंने आगे कहा, अहिंसा हमारा धर्म है। गुंडों को सबक सिखाना भी हमारा धर्म है। हम अपने पड़ोसियों का कभी अपमान या नुकसान नहीं करते। लेकिन फिर भी, अगर कोई बुराई पर उतर आए, तो दूसरा विकल्प क्या है? राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए।

## पहली पत्नी, बेटी के साथ मिलकर दूसरी पत्नी की हत्या: तीन गिरफ्तार

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । शहर कोतवाली पुलिस ने एक महिला की हत्या के मामले को सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नोहर चौधरी, उसकी पहली पत्नी विद्यावती उर्फ संतोला और पुत्री लक्ष्मी को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार, मृतका सुनीता अपने पति की मृत्यु के बाद नोहर चौधरी के साथ रहने लगी थी। दोनों ने मंदिर में विवाह भी कर लिया था। सुनीता के लगातार इलाज के लिए पैसे मांगने से नोहर की पहली पत्नी विद्यावती और बेटी लक्ष्मी नाराज थीं। 24–25 अप्रैल की रात को विद्यावती और लक्ष्मी ने सुनीता को घर बुलाया। उन्होंने बरामदे में सुनीता को पीटकर गिरा दिया। इसके बाद



तीनों ने मिलकर लकड़ी के चौला से उस पर हमला किया। फिर दुपट्टे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद तीनों फरार हो गए। रामबली कन्नौजिया की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने तीनों को लखनऊ भागने से पहले पकड़ लिया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया दुपट्टा और लकड़ी का टुकड़ा भी बरामद किया है।

## ऐतिहासिक होगी कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली:तैयारी बैठक में दायित्वों का वितरण

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। कांग्रेस द्वारा आगामी 28 अप्रैल को पं. अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह के परिसर में दिन में 11 बजे से प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। शनिवार को कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के संयोजन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा के साथ ही पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों में दायित्वों का वितरण किया गया।

तैयारी बैठक को सम्बोधित करते हुये कार्यक्रम संयोजक केशव चन्द यादव ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार संविधान को बदलने की तैयारी में है और संसद से लेकर सड़क तक संविधान को कमजोर करने के साथ ही संविधान निर्माता बाबा साहब को भी अपमानित करने का सुनियोजित षड़यंत्र निरन्तर जारी है। देशा वासियों को जगाने और संविधान बचाने की दिशा में 28 अप्रैल की कांग्रेस की रैली महत्वपूर्ण है। कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता रैली की सफलता के लिये अपनी पूरी ताकत झोंक दें।





### –संविधान बचाओ रैली में हिस्सा लेंगे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता

कांग्रेस कार्यालय पर हुई बैठक में आलोक प्रसाद पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, राम जियावन, अनूप पाण्डेय, वीरेन्द्र प्रताप पाण्डेय 'बबलू' जय करण वर्मा, देवेन्द्र श्रीवास्तव, कौशल त्रिपाठी, नर्वदेश्वर शुक्ल, अनिल भारती, अमित सिंह, वाहिद सिद्दीकी, अलीम अख्तर, राम बचन भारती, राणा सिंह, लाल जी पहलवान, शौकत अली, नन्हू, संदीप श्रीवास्तव गंगा मिश्रा, राजन सिंह, आनंद के साथ ही पार्टी के अनेक नेताओं ने संविधान बचाओ रैली को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने वरिष्ठ नेताओ के सुझावों का स्वागत करते हुये बताया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कार्यक्रम संयोजक लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी बसन्त चौधरी के संयोजन में आयोजित संविधान बचाओ रैली में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश सचिव सत्य नरायन पटेल के साथ ही अनेक वरिष्ठ नेता, प्रदेश के अनेक सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, विधायक, कार्यकर्ता हजारों की संख्या में हिस्सा लेंगे। बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिये तहसील, ब्लाक और न्याय पंचायत स्तर पर पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं में दायित्वों का वितरण कर दिया गया है। कांग्रेस पदाधिकारी, तहसील, ब्लाकों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने संविधान बचाओ रैली की सफलता के लिये ताकत झोंक दिया है। गांव–गांव जाकर सघन सम्पर्क किया जा रहा है। दावा किया कि प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली ऐतिहासिक होगी।

## पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या से आक्रोश: शिक्षकों ने फूंका आंतकवाद का पुतला

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा धर्म पूंछकर की गई क्रूरतम हत्या से आक्रोश है। शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बनकटी अध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव के संयोजन में कंपोजिट विद्यालय बनकटी के परिसर में स्थापित राष्ट्रीय स्तंभ के सामने पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों के निर्मम हत्या तथा पाकिस्तान के इस घिनौने हरकत के विरोध में शिक्षकों ने आतंकवाद का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया ।

आतंकवाद के पुतला दहन से पूर्व शिक्षक नेता अभय सिंह यादव ने कहा कि पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा धर्म पूंछकर की गई क्रूरतम हत्या दुर्भाग्यपूर्ण और चिन्ताजनक है। मांग किया कि केन्द्र सरकार तत्काल प्रभाव से आतंकियो को जड़ से समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कदम उठाये। पाक के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करना ही होगा।



### –पाक के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करे सरकार– अभय सिंह यादव

वरिष्ठ उपाध्यक्ष मारूफ खान, संयुक्त मंत्री आदित्यनाथ त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मंजेश राजभर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान को आतंकवादी संरक्षण बंद करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत के साथ खड़े होना चाहिए।

विरोध प्रदर्शन के दौरान रवि प्रताप सिंह, आदित्य पाण्डेय, राजकुमारी शुक्ला, ध्रुव नारायण दुबे, महेन्द्र सिंह, राम अचल जितेंद्र कुमार, कामरान, अजीत जायसवाल, मक्खन लाल, मोहम्मद असलम, प्रभु नाथ यादव, अनूप प्रपन्न मिश्र, गीता यादव, आराधना यादव, पूजा राय, सुनीता, बिंद्रावती, राम अक्षयवर चौधरी, धर्मेंद्र उपाध्याय, राजेन्द्र, राम सहाय, परशुराम, मोहम्मद हाशिम, राजेश सिंह, पवन कुमार, दीपेंद्र पाल, अशोक पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 27 अप्रैल 2025 रविवार

## सम्पादकीय

### सुरक्षा में चूक का जिम्मेदार कौन

सरकार ने यह तो माना कि पहलगाम में सुरक्षा में चूक हुई किन्तु मूल प्रश्न यह कि जबाबदेही कब और किस पर तय होगी। इसमें दो राय नहीं कि पहलगाम के भीषण आतंकी हमले ने देश के अंतर्मन पर गहरे जख्म छोड़े हैं। निस्संदेह, निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कई सवाल हमारे सामने छोड़ गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कश्मीर का दौरा किया। उस आतंकी हमले के बाद जिसमें छब्बीस लोग मारे गए थे। निस्संदेह, उनका यह दौरा हमारे इस सैन्य संकल्प की अभिव्यक्ति है कि हमारी सेना आम जन की सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। एक ऐसे क्षेत्र में जहां लोगों ने दशकों आतंक की त्रासदी झेली है, वहां प्रतीकात्मक जवाबदेही से आगे ठोस रणनीति बनाने की जरूरत है। दुर्भाग्य से आतंकवादियों ने उस क्षेत्र को अपने आतंक का निशान बनाया, जो जम्मू–कश्मीर के अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में शामिल था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस हमले को लेकर कोई खुफिया अलर्ट क्यों नहीं मिल पाया, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हुआ है। दरअसल, सुरक्षा चूक की ऐसी घटनाएं सिस्टम की तैयारियों के प्रति जनता के भरोसे को प्रभावित करती हैं। इसमें दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री ने इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप किया। इस संकटपूर्ण स्थिति में उन्होंने अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोकना प्राथमिकता समझा। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तुरंत जम्मू–कश्मीर पहुंचे। वहीं शाह का तुरंत घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचना दुर्भाग्यपूर्ण घटना की गंभीरता को ही रेखांकित करता है। अब चाहे ये प्रयास कितने भी तात्कालिक व ईमानदार क्यों न हों, वे प्रणालीगत सुधार के विकल्प नहीं हो सकते। वहीं दूसरी ओर जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आश्वासन दिया है कि हर अपराधी को पकड़ने के लिये सरकार कृतसंकल्प है। लेकिन इस तरह के आश्वासन केवल अल्पकालिक आवश्यकता को पूरा करते हैं। बेहतर होता कि हम पहले ही ऐसी चाक–चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करते कि परिंदा भी पर न मार सकता। निश्चित रूप से इस तरह के आतंकी हमले का व्यापक परिदृश्य हमें आत्ममंथन को विवश करता है।

बहरहाल, पहलगाम आतंकी हमले से हुई जनहानि तमाम सवालों को जन्म देती है। हर किसी संवेदनशील मन में घटनाक्रम को लेकर अनेक प्रश्न उभरते हैं। आम विमर्श में यह मुद्दा उठता रहा है कि जम्मू–कश्मीर के इस संवेदनशील क्षेत्र में सेना की उपस्थिति क्यों नहीं थी। आखिर इस हमले की भनक हमारे खुफिया तंत्र को क्यों नहीं लगी। जम्मू–कश्मीर देश का सीमावर्ती व संवेदनशील क्षेत्र है। दशकों की आतंकी घटनाओं के चलते इस क्षेत्र में सेना, केंद्रीय सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों तथा स्थानीय पुलिस की उपस्थिति देश के अन्य राज्यों के मुकाबले काफी ज्यादा रहती है। सवाल यह भी है कि आखिर खुफिया एजेंसियों से किस स्तर पर और क्यों चूक हुई। आखिर स्थानीय व विदेशी आतंकवादी इतनी आसानी से हमारे सुरक्षा चक्र को भेदने में कैसे सफल रहे? ऐसे तमाम सवाल हमारे नीति–नियंताओं से पारदर्शी जवाब मांग रहे हैं। ऐसे में सिर्फ सार्वजनिक रूप से बयान देने से काम चलने वाला नहीं है। हमें सुरक्षा व्यवस्था व खुफिया तंत्र की उन तमाम खामियों को दूर करना होगा, जिनके अभाव में आतंकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में सफल हो सके। निस्संदेह, कश्मीर यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने सुरक्षा बलों के बीच ऑपरेशनल समन्वय की समीक्षा की। लेकिन राष्ट्र और कश्मीरी सिर्फ प्रोटोकॉल को सख्त करने से कहीं अधिक चाहते हैं। पहलगाम आतंकी हमले के आलोक में खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को सक्षम बनाने, तेज प्रतिक्रिया ढांचे के निर्माण और सुरक्षा तंत्र की मजबूती को मूर्त रूप देने की जरूरत है। कश्मीर को लेकर हमारे दांव हमेशा ऊंचे होते हैं, अब चाहे वे सैन्य, भावनात्मक और राजनीतिक रूप से हों। हमें पहलगाम आतंकी हमले में अपनों को खोने वाले लोगों के दर्द को संवेदनशील ढंग से महसूस करना चाहिए। आज वास्तविक स्थिति में बदलाव की जरूरत है ताकि हमारे राष्ट्रीय संकल्पों को संबल मिल सके। हमें जमीनी असहज सच्चाइयों का सामना करना होगा। इनसे मुकाबला करने की दृढ़ इच्छाशक्ति ही भविष्य की चुनौतियों से पार पाने में हमें सक्षम बना सकती है।

# निर्दोष पर्यटकों की हत्या, आतंकवाद और मानवता



–मनोज सिंह–




संकीर्ण सोच, दूषित मानसिकता, संवेदन हीनता की जननी है कट्टरपंथी मानसिकता, वहीं संवेदनशील, उदार प्रवृत्ति और अपनत्व का जनक है इंसानियत,। जिस व्यक्ति के अंदर इंसानियत नहीं है वह इंसान पशु नहीं अपितु राक्षसी प्रवृत्ति के समान है । कट्टरपंथियों का कोई दीन और इमान नहीं होता ऐसे लोग चन्द पैसों के खातिर बेगुनाह लोगों और अबोध बच्चों का खून बहाने में तरस नहीं खाते । दरअसल किसी भी धर्म के कट्टरपंथी किसी धर्म या उस संप्रदाय के या जाति के हितेषी नहीं होते हैं बल्कि उस जाति और धर्म की आड़ में अपने कट्टरपंथी होने और उस जाति और समाज का हितैषी बनकर समाज को केवल ठगने का काम करते हैं समाज के भोले भाले लोग उनको अपने समाज का बड़ा हितैषी समझ लेते हैं कई देशों में कट्टरपंथ की आड़ में आतंकवादियों को ट्रेनिंग देकर जगह–जगह निरपराध लोगों की हत्याएं कराते हैं और उसे देश और प्रदेश की सरकारों को ब्लैकमेल करने का प्रयास करते हैं अपने आतंक के घृणित कृत्यों को अंजाम देकर इसका उदाहरण हमास जैसे देश है ।

कुछ देशों ने आतंकवादियों को पनाह देकर अपनी जनता के हितों को ध्यान में न रखकर आतंकवादियों पर पैसे लुटाकर दूसरे देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश में अपने जनता के हितों का ध्यान देने के स्थान पर उनको कट्टरपंथ का मीठा जहर देकर शासन सत्ता चला रहे हैं पूरे विश्व में आतंकवादियों को पनाह देने में सबसे पहला नाम पाकिस्तान का ही है पाकिस्तान के सत्ताधीश अपने जनता की भलाई के स्थान पर धन खर्च करने के बजाय आतंकवादियों को फंडिंग कर रहे हैं ।

पाकिस्तान सरकार के मंत्री बिलावल भुट्टो जो खून बहने की भाषा बोल रहे हैं उनका जमीर यदि मर ना गया हो तो पहले वह उन आतंकवादियों का खून बहाये जिनके कारण उनकी मां की हत्या हुई थी उनके मां को भारत के लोगों ने नहीं मरवाया था अपितु पाकिस्तान के अंदर गुटबाजी में पनप रहे आतंकवाद उनकी मां के हत्यारे हैं ।

जिन देशों ने आतंकवादियों को पनाह दिया उनको फंडिंग किया वहां के नागरिकों की स्थित बद से बदतर है वहां के नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं और उन देशों के सत्ताधीश आतंकवादियों के साथ गठजोड़ कर के आसपास के देशों में केवल दहशत फैलाकर सत्ता में बने रहना है । पाकिस्तान में कई अच्छे राजनेता और जनरल पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद की भेंट चढ़ गए ।इसके बावजूद भी पाकिस्तान की सत्ता में बैठे शीर्ष राजनेता सबक लेने को तैयार नहीं है ।कुकृत्य और घृणित कार्यों का परिणाम कभी अच्छा नहीं होता फिर भी लोग निजी स्वार्थ में सब भूल जाते हैं । भारत में मुस्लिम बड़ी संख्या में अच्छे स्वभाव के हैं लेकिन देश में सत्ता के लिए लोलुप नेता फर्जी हितैषी बनकर मुस्लिम समाज के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास करते रहते हैं ।

मुर्शिदाबाद (बंगाल )में हुए हमले में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी आकर बंगाल में शरण लेकर अपनी रोजी–रोटी चल रहे थे और मौका मिलते ही बफ बोर्ड के विरोध प्रदर्शन की आड़ में देश के भोले भाले नागरिकों के घरों को आग लगा कर उजाड़ दिया कई बेकसूर और मासूम बच्चों की हत्या कर दिया इन बांग्लादेशियों का मनोबल इतना बढ़ गया है की बंगाल जैसे प्रदेश में शरण लेकर वहां के ही नागरिकों का जीना दुर्लभ कर दिया है अब समय की मांग है कि इनको चिन्हित करके यहां से बांग्लादेश खदेड़े जाने की जरूरत है हालांकि केन्द्र सरकार ने इस विषय पर कठोर कदम उठाने शुरू कर दिए हैं सरकार की यह निर्भीक और सराहनीय प्रयास है लेकिन दुख इस बात का है कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अवैध बांग्लादेशी नजर नहीं आ रहे हैं और ना ही वह आवाज उठा रही हैं की अवैध घुसपैठियों को प्रदेश से निकलने में केंद्र सरकार हमारी मदद करें सत्ता की लालसा ममता बनर्जी को कहां ले जाकर खड़ी करेगी यह तो समय ही बताएगा

हालांकि पहलगाम मुद्दे पर सभी विपक्ष के नेता एक साथ खड़े नजर आए आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए ।विश्व और देश के लोगों को समझना चाहिए कि आतंकवादियों की ना कोई जात होती है ना कोई धर्म होता है और ना कोई उनका वसूल होता है इसलिए ऐसे लोगों का विरोध पूरे देश के लोगों को करना चाहिए देश के सीमावर्ती प्रदेशों में घुसपैठियों को चिन्हित करके जड़ से समाप्त करने का समय आ गया है ।

# पड़ोसी पाक की नापाक हरकत

– कमलेश पाण्डेय–



जब अंतर्राष्ट्रीय महकमे में पाकिस्तान को आतंकवाद पैदा करने की फैक्ट्री मान लिया गया है, तब भी यदि उसके खिलाफ कोई मजबूत वैश्विक कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसा सिर्फ इसलिए कि वह दुनियावी हथियार और सुरक्षा उपकरण निर्माता कम्पनियों और उनके संरक्षक मूल राष्ट्रों के हाथों का खिलौना बन चुका है। ये देश कोई और नहीं बल्कि अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फरांस, इजरायल, जर्मनी, तुर्किये आदि जैसे देश हैं जिन्हें मौत का सौदागर कहना ज्यादा उचित रहेगा! दरअसल, यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि इसका एक क्लू पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयानों से मिला है, जिसके बाद अपने पाठकों को 'ह' से 'हलंत' तक की बात समझा रहा हूँद्य वैसे तो भारतीय नेतृत्व के लिए भी यह बात जानना–समझना जरुरी है! हालाँकि उसके पिछले एक दशक के रूख से यही प्रतीत होता है कि वह सबकुछ समझ रहा है और बार–बार दुनिया को यह नसीहत भी दे रहा है कि यह युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध का समय है।

ऐसे में संभव है कि भारत को युद्ध की जाल में उलझाकर चीन को बर्बाद करना अमेरिका–ब्रिटेन समेत नाटो देशों की यह एक नई चाल हो, जैसा कि उन्होंने रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़का कर अपना नापाक लक्ष्य पूरा किया। चूँकि चीन–रूस के प्रगाढ़ रिश्तों से अमेरिका–चीन के रिश्ते खटाई में पड़ते जा रहे हैं, वहीं भारत का नेतृत्व रूस, अमेरिका और चीन से एकसमान रिश्ते रखना चाहता है ताकि युद्ध की बजाय विकास को गति दी जा सके। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय जगत के सामने कटोरा लेकर खड़ा रहने वाले देश पाकिस्तान को 'उनके' ही इशारे पर पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिलवा दिया, ताकि मोदी सरकार के सब्र की बांध टूटे, फिर वह पाकिस्तान पर हमला करे। तत्पश्चात पाकिस्तान को बचाने चीन आएगा और जब ऐसा होगा तो भारत–चीन के बीच भड़कने वाले युद्ध में पश्चिमी देश भारत का साथ देंगे और फिर जैसे यूक्रेन को उसकी कीमती खनिज सम्पदा के लिए ब्लैक मेल किया कुछ वैसा ही भारत के साथ भी करेंगे। हालाँकि भारत ने इस बार कूटनीतिक सर्जिकल लड़ाई को अपना नया हथियार बनाया और ताबड़तोड़ पांच प्रतिबन्ध उसपर थोप दिए। आगे सबक सिखाने की तैयारी में भारतीय नेतृत्व जुटा हुआ है।

इसी बीच घबराए पाकिस्तान ने यानी उसके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जो अर्द्धसत्य स्वीकार किया है, वह हैरान करने वाला बयान समझा जा रहा है। लेकिन इसके पीछे की एक और कड़वी सच्चाई जिसे वे चालाकी पूर्वक छिपा लिए, वह है अमेरिका का मजबूत अंतर्राष्ट्रीय विकल्प बनते जा रहे चीन और उसके समर्थक उत्तरपूर्वी देशों और मध्य पूर्व के देशों का नाम, जो हर भारतीय को जानना चाहिए! क्योंकि यदि उन्होंने ऐसी साफगोई दिखा दी होती तो चीन के साथ परवान चढ़ रहे रिश्ते खराब हो जाते!

**पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने दो टूक स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है। ख्वाजा आसिफ ने एक बातचीत के दौरान कहा– हम करीब 3 दशकों से अमेरिका के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने अपनी इस प्रवृति के लिए अमेरिका और पश्चिमी देशों को जिम्मेदार ठहराया। ख्वाजा ने एक बयान में माना कि पाक पिछले तीन दशकों से आतंकवाद को पाल रहा है। रक्षा मंत्री ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है।**

यहाँ यह भी संभव है कि भारत के कड़े रूख के मद्देनजर उन्होंने जानबुझकर अमेरिका, ब्रिटेन आदि का नाम रणनीतिक रूप से लिया है, क्योंकि पाकिस्तान के साथ उनके रिश्ते अब वैसे प्रगाढ़ नहीं रहे जैसे कि पहले हुआ करता था! ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान अब उनके प्रबल प्रतिद्वंद्वी चीन के खेमे में जा चुका है। आज चीन के साथ रूस, उत्तर कोरिया, तुर्की, ईरान, जर्मनी आदि जैसे देश हैं, जिनमें से कई के साथ भारत के समझदारी भरे रिश्ते हैं। हालाँकि उनका यह बयान भारत और रूस के लिए आंख खोलने वाला है।

भारत को पता होना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय हथियार लॉबी दशकों से उसके पीछे पड़ी हैं। यहाँ के लोग भी यह महसूस कर रहे होंगे कि भारत में बढ़ते आतंकवादी हमलों, नक्सली हमलों और अंडरवर्ल्ड के गैंगवार के बाद हमारी सरकार ने आधुनिक हथियार और सुरक्षा उपकरण खरीदी। चूँकि आतंकवाद का 'बाप' पाकिस्तान और नक्सलवाद का बाप 'चीन' भारत के पड़ोसी हैं, इसलिए भारत इससे ज्यादा प्रभावित होता आया हैद्य हमारी श्मुर्ख सरकारेंश भी फर्जी धर्मनिरपेक्षता, मन्दिर–मस्जिद, आरक्षण और सामाजिक न्याय, भाषा और क्षेत्र के नाम पर भारतीयों को बरगलाती रहीं और आतंकवाद, नक्सलवाद और संगठित अपराध के खिलाफ भारतीयों में सद्प्रेरणा पैदा नहीं कीं, क्योंकि विदेशी पूंजीपतियों के एजेंट भारतीय पूंजीपति भी यही चाहते थे। नई आर्थिक नीति की आड़ में इनलोगों ने भारत के जमे जमाये उद्योगों को मार दिया और अमेरिका के शह पर गुणवत्ता हीन चीनी सामानों से भारतीय बाजार को पाट दिया। जबतक मोदी सरकार, मनमोहन सरकार की 'देशद्रोही' कारगुजारियों को समझ पाई और ताबड़तोड़ काउंटर वाले फैसले लिए। इससे परेशान चीनी–अमेरिकी पूंजीपतियों के गिरोह ने कृत्रिम कोरोना महामारी पैदा कर दी। भारत पर दबाव बनाने के लिए चीन गलवान घाटी में घुस आया।

हालाँकि मोदी सरकार ने दृढ़ता पूर्वक अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्रों का मुकाबला करते हुए आपदा को अवसर में बदल दिया। उसके बाद रूस–यूक्रेन युद्ध और इजरायल–फिलिस्तीन युद्ध और दक्षिण चीन सागर विवाद के बीच भारत ने संतुलनकारी रूख अपनाया। यही बात बार बार अमेरिका और पश्चिमी देशों को खटक रही है। अभी हाल ही में पाकिस्तान के बलूचिस्तान में खनिज सम्पदा निकालने में अमेरिका ने जो दिलचस्पी दिखाई है, उसके लिंक भी देर–सबेर कश्मीर कांड से जुड़ जाएंगे।

चूँकि पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने दो टूक स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है। ख्वाजा आसिफ ने एक बातचीत के दौरान कहा– हम करीब 3 दशकों से अमेरिका के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने अपनी इस प्रवृति के लिए अमेरिका और पश्चिमी देशों को जिम्मेदार ठहराया। ख्वाजा ने एक बयान में माना कि पाक पिछले तीन दशकों से आतंकवाद को पाल रहा है। रक्षा मंत्री ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है।

मसलन वायरल हो रहे इस आशय के एक वीडियो क्लिप में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री स्काई न्यूज के यल्दा हकीम से बातचीत कर रहे हैं, जब वह उनसे पूछती हैं, श्आप मानते हैं सर, कि पाकिस्तान का इन आतंकी संगठनों को समर्थन देने, प्रशिक्षण देने और धन मुहैया कराने का लंबा इतिहास रहा है? ख्वाजा आसिफ ने अपने जवाब में कहा, श्हम करीब 3 दशकों से अमेरिका के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं.. ख्वाजा आसिफ ने आगे कहा, ब्रिटेन समेत पश्चिम... यह एक गलती थी, और हमें इसके लिए भुगतना पड़ा, और इसीलिए आप मुझसे यह कह रहे हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और बाद में 9ध्11 के बाद के युद्ध में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।'

वहीं भारत के साथ ऑल आउट वार की बात करने वाले ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान में लश्कर ए तैयबा खत्म हो चुका है। हालाँकि उन्होंने स्वीकार किया कि लश्कर ए तैयबा का अतीत में पाकिस्तान के साथ कुछ लिंक मिले हैं। उन्होंने कहा कि अब ये आतंकी संगठन खत्म हो चुका है। ऐसे में पाकिस्तान के साथ लश्कर का लिंक मिलने का ये मतलब नहीं है कि हम इसको मदद करते हैं। इन बातों से स्पष्ट है कि आखिर पाकिस्तान आतंकवाद फैलाने जैसा शगंदा कामश क्यों कर रहा है? और जब यह बात साफ हो चुकी है तो भारत को ऐसा निर्णायक पलटवार करना चाहिए कि उनके होश ठिकाने में आ जाएँद्य चूँकि भारत सत्य के साथ खड़ा है, इसलिए देर सबेर जीतेगा भारत और हारेंगे षड्यंत्रकारी! बस रूस पुराणी दोस्ती निभाता रहे और भारत उसके प्रति वफादार बना रहे!

### वक्फ संशोधन कानून नई दिशा की ओर!



–शीराज कुरैशी–

भारत में वक्फ संपत्तियाँ मुसलमानों की धार्मिक, सामाजिक और शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक पवित्र अमानत मानी जाती हैं। इस्लाम में वक्फ की परिकल्पना एक ऐसे संस्थान के रूप की गई है जो समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग की सेवा करे और न्याय, दया तथा साझेदारी जैसे मूल्यों को सुदृढ़ बनाए। लेकिन बीते वर्षों में वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जे, प्रशासनिक लापरवाहियाँ, भ्रष्टाचार और कानूनी उलझनों ने इस प्रणाली को खोखला बना दिया है। मुसलमानों के इस पवित्र संसाधन का दुरुपयोग हुआ, जिससे न केवल समुदाय का विश्वास टूटा, बल्कि धार्मिक और सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति में भी बाधा उत्पन्न हुई। इन्हीं जटिलताओं के समाधान हेतु केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक 2025 प्रस्तुत किया गया है, जो मौजूदा वक्फ अधिनियम 1995 में व्यापक परिवर्तन करता है। यह विधेयक न केवल वकध्फ संपत्तियों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि वक्फ प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और सार्वजनिक हित को भी प्रमुखता देता है।

इस विधेयक के माध्यम से वक्फ जायदादों को 'सार्वजनिक धर्मार्थ संपत्ति' के रूप में चिन्हित कर उन्हें विशेष कानूनी संरक्षण देने की कोशिश की गई है, जिससे अब कोई भी व्यक्ति या संस्था इन पर आसानी से दावा नहीं कर सकेगा। यह एक ऐतिहासिक कध्दम है क्योंकि इससे उन लाखों एकड़ वकध्फ जमीनों को बचाया जा सकेगा जो दशकों से गैर–कानूनी कब्जों के अधीन हैं। इसके साथ ही, यह विधेयक वक्फ बोर्डों को डिजिटल प्रणाली के अंतर्गत लाने का निर्देश देता है, जिससे संपत्तियों की पारदर्शी सूची बने, वार्षिक लेखा परीक्षण हो और आम जनता को यह जानने का अधिकार मिले कि वक्फ की आय कहाँ खर्च हो रही है। इससे ना सिर्फ भ्रष्टाचार में कमी आएगी बल्कि वकध्फ प्रशासनिक व्यवस्था पर मुसलमानों का विश्वास भी पुनः स्थापित होगा।

विधेयक में एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि अब वक्फ संपत्ति घोषित करने के लिए केवल "उपयोग" के आधार पर दावा मान्य नहीं होगा। कई वर्षों से बिना किसी वैध दस्तावेज या घोषणा के लोग केवल लंबे समय तक जमीन के इस्तेमाल के आधार पर उसे वकध्फ घोषित कर देते थे, जो शरीअत और न्याय दोनों के विरुद्ध है। नया विधेयक इस प्रवृत्ति को प्रतिबंधित करता है और केवल विधिसम्मत रूप से समर्पित संपत्तियों को ही वकध्फ मान्यता प्रदान करता है। यह प्रावधान न केवल जमीन हथियाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाएगा, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया को भी सुचारु बनाएगा।

जहाँ तक न्यायिक प्रक्रिया की बात है, अब वकध्फ मामलों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायाधिकरण स्थापित किए जाएंगे जिनमें योग्य न्यायाधीशों की नियुक्ति होगी। इससे वर्षों तक लटके हुए वकध्फ विवादों का शीघ्र और न्यायसंगत निपटारा संभव होगा। विधेयक इस बात पर भी बल देता है कि वक्फ की आय का उपयोग मुख्यतः शिक्षा, स्वास्थ्य और धार्मिक–सामाजिक सेवाओं में किया जाए, न कि राजनीतिक या व्यावसायिक लाभ के लिए। इस प्रकार, यह संशोधन विधेयक वकध्फ की धार्मिक और परोपकारी भावना की पुर्नस्थापना करता है।

इस विधेयक द्वारा केंद्रीय वकध्फ परिषद को भी अधिक अधिकार दिए गए हैं ताकि वह राज्य वक्फ बोर्डों की निगरानी कर सके, उनके कार्यों का मूल्यांकन कर सके और आवश्यकतानुसार दखध्ल दे सके। इससे राज्यों के बीच समन्वय बढ़ेगा और निष्क्रिय या भ्रष्ट वकध्फ बोर्डों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त, पारदर्शी नीतियों और डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से वकध्फ संपत्तियों से आय भी बढ़ाई जा सकती है, जिसे सामाजिक विकास में लगाया जाएगा। उदाहरणस्वरूप, अविकसित या बिना कब्जे वाली संपत्तियों को च्च्च मॉडल या इस्लामी सामाजिक वित्त की सहायता से जनकल्याणकारी उपयोग में लाया जा सकता है।

इन सभी प्रावधानों का समग्र प्रभाव यह होगा कि मुस्लिम समुदाय जो लंबे समय से वक्फ प्रशासन से निराश था, उसमें नया विश्वास उत्पन्न होगा। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 न केवल वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि उन्हें मुसलमानों के लिए एक सशक्तिकरण के उपकरण के रूप में रूपांतरित करने की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। यह विधेयक केवल एक कघनूनी सुधार नहीं, बल्कि शरीअत, संविधान और समाज – इन तीनों के बीच संतुलन साधने वाला ऐतिहासिक प्रयास है। मुसलमानों को इस सुधार में भागीदारी करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वकध्फ का सही स्वरूप फिर से जीवंत हो और यह आने वाली नस्लों के लिए एक सुरक्षित और उन्नत भविष्य की नींव बने।

# रुद्रपुर तहसील में महिला ने पेट्रोल गिराकर आत्मदाह करने का किया प्रयास



**संवाददाता–देवरिया।** रुद्रपुर तहसील में तहसीलदार न्यायालय से कायमी खारिज होने पर शनिवार को एक महिला ने बड़ा कदम उठा लिया। तहसील परिसर में ही महिला ने शरीर पर पेट्रोल गिराकर आत्महत्या करने की कोशिश की। हालांकि पुलिस व अधिवक्ताओं ने महिला को पकड़ लिया। अब अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। सुरौली थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल ठकुरही की रहने वाली सरिता मिश्रा पत्नी रामबालक मिश्र का आरोप है कि गांव का ही एक व्यक्ति उनसे दो कट्ठा जमीन खरीदने के लिए तय किया। 11 लाख रुपये में 2023 में भूमि बेचने की बात हुई और उसने 10 लाख रुपये खाते में दिया। साथ ही दो कट्ठा जमीन बैनामा कराने की बात कही। बैनामा दो कट्ठा जमीन की जगह धोखे से 17 कट्ठा उसने बैनामा करा दिया। जबकि 2024 में आरोपी ने दूसरे को वह जमीन बेच दी। इतना ही नहीं, उसने बैनामा कराने के लिए दिया गया रुपया भी दो बार में वापस ले लिया। 2024 में इसकी जानकारी हुई तो सरिता ने तहसीलदार रुद्रपुर के न्यायालय में खारिज दाखिल पर रोक लगाने के लिए कायमी दे दी और स्थगन आदेश भी ले लिया।

सरिता के अधिवक्ता ब्रज बिहारी पांडेय का कहना है कि शुक्रवार को इस पर तहसीलदार न्यायालय में सुनवाई होनी थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जबकि शनिवार को तहसीलदार न्यायालय ने सरिता के कायमी को खारिज कर दिया। इसकी जब भनक सरिता को लगी तो वह पेट्रोल लेकर तहसील में पहुंच गई और अपने शरीर पर पेट्रोल गिराकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने उसे पकड़ लिया। एसडीएम हरिशंकर लाल ने बताया कि मामले की मैं स्वयं जांच करुंगा। अगर किसी तरह की गड़बड़ी की गई है तो इसकी रिपोर्ट दी जाएगी।

## इतिहास में पहली बार हनुमानगढ़ी के गद्दी नशीन अपनी सेना के साथ करेंगे रामलला का दर्शन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। अयोध्या धाम के सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के इतिहास में पहली बार श्री हनुमान जी महाराज की प्रेरणा से गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज के साथ हनुमान जी सेना मानी जाने वाले नागा संत इतिहास में पहली बार गद्दी नशीन महराज के चारों पट्टी के महंत और लगभग एक हजार नागा संत शाही निशान के साथ 30 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन प्रभु श्री राम लला का करेंगे दर्शन पूजन उक्त बातें धर्म सम्राट महंत ज्ञान दास महाराज के शिष्य संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास महाराज प्रेस से मुखातिब हुए और बताया। उन्होंने कहा कि पांच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद राम लला अपने जन्मस्थान पर विराजमान हुए हैं और पिछले 3 तीन महीने से गद्दी नशीन महराज महंत प्रेम दास महाराज को हनुमान जी महाराज प्रेरणा दे रहे थे की हनुमान जी के प्रतिनिधि के रूप में वह रामलाल का दर्शन पूजन करें, लेकिन हनुमानगढ़ी का नियम है की जो हनुमान जी का मुख्य सेवक होगा, गद्दी पर विराजमान होगा, उसको हनुमानगढ़ी का जो 52 बिघे का परिसर है उसके बाहर नहीं जाएगा, इतिहास में यह पहली बार है जब हनुमान जी के प्रतिनिधि के रूप में महंत प्रेम दास महाराज अपनी पूरी सेना के साथ पहली बार राम लला का दर्शन करेंगे।

गद्दीनशीन महंत प्रेम दास महाराज के शिष्य हनुमत संस्कृत महाविद्यालय प्राचार्य महंत डॉ महेश दास महाराज ने बताया कि मौका ऐतिहासिक है, इतिहास में पहली बार दर्ज होगी 30 अप्रैल की घड़ी हनुमान जी महाराज के प्रेरणा से हो रही है तो उसकी तैयारी ऐतिहासिक होगी। सुबह 7 से शाही निशान के साथ गाद्दी नशीन महाराज का रथ होगा, उसके पीछे चारों पट्टी के महंतों का रथ होगा विशिष्ट नागा संत और हनुमान जी की सेना होगी, इसके साथ अन्य संत महंत भी होंगे। जिसका निर्णय पंचायत में हो चुका है। सबसे पहले शोभायात्रा मुख्य मार्ग श्री राम पथ से होते हुए मां सरयू के तट पर पहुंचेगी जहां स्नान होगा पूजन होगा और उसके बाद शोभा यात्रा वीआईपी गेट नंबर 3 पर पहुंचेगी जहां पर गद्दी नशीन महराज के साथ लगभग दो दर्जन संत अंदर जाएंगे और बाकी संत भक्ति पथ से दर्शन करेंगे। हनुमानजी के प्रतिनिधि के रूप में गाड़ी नशीन महंत प्रेम दास महाराज श्री राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करेंगे, 56 भोग लगाया जाएगा और श्रीराम लला की पहली बार परिक्रमा करके परिक्रमा का शुभारंभ करेंगे। डॉ महेश दास ने बताया कि शाही निशान के साथ हाथी घोड़ा बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा निकलेगी जिसमें संतों महंतों के साथ भक्त भक्त और व्यापारी गण भी सम्मिलित होंगे। 40 स्थान पर स्वागत होगा हेलीकॉप्टर से की जायेगी पुष्प वर्षा। इस दौरान श्री महंत मुरली दास, राजेश पहलवान भी मौजूद रहे।

## नवविवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

**संवाददाता–श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र की पंचायत फत्तेहपुर बनगई के मजरा दयाली गांव में शनिवार को एक नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। दयाली निवासी निवासी विनोद कुमार पुत्र कामता प्रसाद अपने भाभी के मायके गिलौला थाना क्षेत्र के चेतिया मुरार गांव में अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए सुबह अपनी माता चम्पावती व भाइयों के साथ गए थे। जबकि कामता प्रसाद मवेशी चराने खेत चले गए थे। घर पर विनोद की पत्नी एएनएम (22) घर पर अकेली थी। नवविवाहिता ने फूस के मकान में साड़ी के सहारे लकड़ी की बल्ली से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। आसपास की महिलाओं ने जब शव लटकता देखा तो तुरंत साड़ी काटकर नीचे उतारा। आनन–फानन में स्थानीय डॉक्टर के पास ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर मायका पक्ष लक्ष्मणपुर गंगापुर से भी लोग पहुंचे। मृतका के पिता कैलास ने मल्हीपुर पुलिस को घटना की सूचना दी और तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया। जमुनहा चौकी प्रभारी योगेंद्र बाबू मामले की जांच कर रहे हैं।

### उत्कर्ष पाठक को डीएम ने किया सम्मानित

**संवाददाता–श्रावस्ती।** परिषदीय विद्यालय के शिक्षक अजय कुमार पाठक के बेटे उत्कर्ष पाठक ने 88वीं रैंक के साथ यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। उत्कर्ष पाठक ने शनिवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी से कलेक्ट्रेट स्थित उनके कक्ष में मिलकर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जिलाधिकारी ने उन्हें बुकें देकर सम्मानित किया और श्रावस्ती जिले का नाम रोशन करने पर बधाई दी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत-भीटारामसेन वि0ख0 साऊंघाट जनपद- बस्ती

### अल्पकालिक निविदा सूचना

